पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर, राजस्थान

मधुकर भवन ,B-19 ,न्यू कालोनी ,एम आई. रोड जयपुर -302001

(पंजीयन -coop/2019/jaipur/104513)

अणुडाक- deendayalupadhyaysmriti@gmail.com वेबस्थल- www.deendayalupadhyaysmriti.org

प्रो. मोहनलाल छीपा	**राजेन्द्र सिंह शेखावत**	**प्रतापभानु सिंह शेखावत**
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सचिव
मोबाइल -9425018651 ,	मोबाईल-9414053250	मोबाइल -9214301309

-- -------------

सादर प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 16-09-22 सायं 3.30 ,बजे विश्वसंवाद केंद्र, मधुकर भवन,

न्यू कॉलोनी जयपुर,पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया,जिसको समिति के अध्यक्ष प्रो.मोहन लाल छीपा ,भाजपा संगठन मंत्री श्री चंद्रशेखर व समिति के सचिव श्री प्रतापभानूसिंह शेखावत ने संबोधित किया |सर्व प्रथम 25 सितम्बर 2022 को आयोजित कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया |

समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के द्वारा 25 सितंबर 2022 को धानक्या रेलवे स्टेशन स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर सायं 4.00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की 106 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है| इस जयंती समारोह के मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी , ,विशिष्ट अतिथि उद्योगपति एवं समाज सेवी श्री विनय चोरडिया,पूर्व केन्द्रीय मंत्री.उप-मुख्यमंत्री मणिपुर ,अध्यक्ष भाजपा मणिपुर टी.चाहोबा सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रमेश अग्रवाल (अस्थि रोग विशेषज्ञ) माननीय क्षेत्र संघचालक,राजस्थान करेंगे | समारोह की इस व्याख्यानमाला का विषय "**पंडित दीनदयाल उपाध्याय :सेवा को समर्पित एक व्यक्तित्व "** होगा |
इस कार्यक्रम में राजस्थान में जैविक कृषि व ग्राम विकास के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर रहे समाज बंधुओं तथा जिन विद्यार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर शोध उपाधि प्राप्त की हैं उनका सम्मान किया जाएगा| कार्यक्रम में समिति द्वारा सम्पादित "**पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक ,धानक्या "** विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया जावेगा |

सचिव श्री प्रतापभानूसिंह शेखावत ने बताया कि उस दिन सुबह से शाम तक व्यस्त कार्यक्रम होगा | प्रात: 9.00 बजे से **हवन एवं सुन्दर कांड पाठ**, **नि:शुल्क चिकित्सा शिविर(**अनुभवी

एलौपथी ,होम्योपैथिक ,प्राकृतिक एवं योग चिकित्सकों द्वारा),**कौशल विकास एवं स्वावलंबन हेतु प्रशिक्षण** की जानकारी तथा अन्य **अनेक उपयोगी जानकारियां** प्रदान कि जाएगी |

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक एवं इससे संबंधित स्थलों के सर्वांगीण विकास एवं संरक्षण के लिए सरकार को सकारात्मक सहयोग प्रदान करना है| यह समिति स्मारक स्थल धानक्या) जयपुर(एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र, उपाध्याय की शिक्षा एवं जीवन से संबंधित स्थानों को स्मारक की गतिविधियों से जोड़ने , तत्कालीन इतिहास एवं घटनाओं को आधार बनाकर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान, विस्तार एवं संस्कारयुक्त सामाजिक एवं संस्कृति-रक्षण व संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करेगी|

राष्ट्रीय स्मारक एवं उनके स्मृति स्थलों पर जल संरक्षण, पर्यावरण, लोकमेलों , उत्सवों, राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन भी यह समिति करेगी| यह समिति पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित विचार दर्शन एवं सिद्धांतों पर शोध, साहित्य प्रकाशन, पर्यटन,भारतीय संस्कृति, कौशल विकास, स्वदेशी, गौ-संरक्षण आदि कार्यों को भी प्रमुखता से करेगी | उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अध्ययन केंद्र,प्रशिक्षण केंद्र, विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की स्थापना, केंद्र सरकार और राज्य सरकार से परियोजना व आर्थिक अनुदान प्राप्त करना तथा युवा व महिला सशक्तिकरण हेतु स्वरोजगार मूलक कार्यक्रमों का आयोजन भी इस समिति के लक्ष्य है|

भवदीय

(प्रो.मोहन लाल छीपा)